भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4053 का उत्तर

बेरोजगार युवाओं हेतु निःशुल्क रेल सेवाएं

4053. श्री राजवीर दिलेरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेल मंत्रालय बेरोजगार युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साक्षात्कारों आदि में उपस्थित होने के लिए मुफ्त परिवहन सुविधा प्रदान कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सुविधा राज्यों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं और साक्षात्कारों में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को भी प्रदान की जाती है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस दिशा में कोई कदम उठा रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): केंद्र/राज्य सरकार के कार्यालयों में रोजगार के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए 35 वर्ष तक की आयु के बेरोजगार युवाओं को द्वितीय श्रेणी के आधारभूत किराए में पूर्ण रियायत और शयनयान श्रेणी के आधारभूत किराए में 50% रियायत प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन यथा सांविधिक निकाय, नगर निगम, किसी सरकारी उपक्रम अथवा किसी विश्वविद्यालय अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में रोजगार के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए भी 35 वर्ष तक की आयु के बेरोजगार

युवाओं को शयनयान/द्वितीय श्रेणी के आधारभूत किराए में 50% रियायत प्रदान की जाती है।

आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार आदि जैसे अन्य प्रभार, जहां-कहीं लागू होते हैं, अलग से वसूल किए जाते हैं।

इसके अलावा, रेल भर्ती बोर्डों (आरआरबी)/रेल भर्ती सेलों (आरआरसी) द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले अजा/अजजा उम्मीदवारों को नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाती है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****